an>

Title:Regarding doubling of Miraj-Kolhapur railway line in Maharashtra.

श्री धनंजय महाडीक (कोल्हापुर): माननीय उपाध्यक्ष जी, मेरे निर्वाचन क्षेत्र कोल्हापुर के लोगों की कई सालों से मांग थी कि पूना से कोल्हापुर लाइन का दोहरीकरण और इलैक्ट्रिफिकेशन किया जाए। मैं माननीय रेल मंत्री जी आभार मानता हूं, उनका शुक्रिया अदा करता हूं कि वÂ◌ाज़ 2014-15 के रेल बजट में पूना से मिरज डबलिंग के लिए 4600 करोड़ रुपए का एनाउसमेंट किया है। मिरज से कोल्हापुर सिर्फ 46 किलोमीटर दूर है। मैं आपके माध्यम से माननीय रेल मंत्री जी से गुजारिश करता हूं कि बाकी बचे हुए 46 किलोमीटर के ट्रैक की डबलिंग और इलैक्ट्रिफिकेशन भी की जाए।...(व्यवधान)

कोल्हापुर से कोंकण को जोड़ने का प्रस्ताव कई सालों से चल रहा है। हमारी यह मांग कई सालों से है। 2014 में इसका सर्वे किया गया और 3000 करोड़ रुपए का एस्टिमेट बनाया गया। यह रूट थोड़ा लंबा है इसलिए मैं रेल मंत्री जी गुजारिश करता हूं कि कोल्हापुर, राजापुर ट्रैक अगर गगनबावड़ा तालुका से जाए तो इसकी कॉस्ट कम हो सकती है। गगनबावड़ा तालुका डैवलमेंट में पीछे है, अगर यह ट्रैक बन जाता है तो इस तालुके की उन्नति हो सकती है। ...(व्यवधान)